# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, वेबसाईट : http://bsea.bihar.gov.in, ई-मेल: bseapatna@gmail.com


पत्रांक : नि॰प्रा॰/नि॰प॰ 1–22/2023 2040 /पटना, दिनांक 17/10/2023

प्रेषक : **पुरूषोत्तम पासवान,**
सचिव।

सेवा में,

**प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰),**
बगहाँ–1, जिला– पश्चिम चम्पारण।

**विषय : बगहाँ– 01 प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड की स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक कहना है कि प्राधिकार के पत्रांक 1503 दिनांक 02.08.2023 के द्वारा विषयांकित समिति के प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था, जिसके तहत् मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन की तिथि 24.08.2023 निर्धारित थी। इसी क्रम में मतदाता सूची पर परिवाद प्राप्त हो जाने के कारण प्राधिकार के पत्रांक 1674 दिनांक 23.08.2023 से बगहाँ–01 प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड के प्रबंधकारिणी कमिटी के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची प्रकाशन का कार्यक्रम अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया।

विषयांकित समिति के मतदाता सूची पर प्राप्त परिवाद की जाँच जिला सहकारिता पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण एवं उप विकास आयुक्त, पश्चिम चम्पारण से करायी गई। उक्त दोनों प्रतिवेदनों के समीक्षोपरान्त प्राधिकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि "प्रबंध समिति द्वारा सदस्य बनाये गये कुल 581 व्यक्तियों में, जिन व्यक्तियों को सदस्यता रसीद एवं शेयर प्रमाण–पत्र निर्गत नहीं है, उनका नाम मतदाता सूची से विलोपित किया जाय।"

अतः निदेश दिया जाता है कि उक्त आलोक में मतदाता सूची तैयार कर दिनांक 03.11.2023 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन विनिर्दिष्ट स्थलों पर किया जाय। अंतिम प्रकाशन की सूचना प्राधिकार के वेबसाईट पर उसी तिथि को प्रविष्टि की जाय एवं प्रपत्र– एम 7 में भी प्राधिकार को दिनांक 06.11.2023 तक सूचना उपलब्ध कराई जाय।

विश्वासभाजन,

17/10/23

(पुरूषोत्तम पासवान)
सचिव।

ज्ञापांक : 2040 /पटना, दिनांक : 17/10/2023

प्रतिलिपिः जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰), पश्चिम चम्पारण/ उप विकास आयुक्त –सह– नोडल पदाधिकारी (स॰स॰), पश्चिम चम्पारण/ जिला सहकारिता पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/10/23
सचिव।

BSEA dt. 13.10.2023 Vasant